# CBSE Class 8 Social Science Important Questions History Chapter 5 जब जनता बगावत करती है (1857 और उसके बाद)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
अंग्रेजी साम्राज्य में अवध का विलय कब हुआ?
उत्तर:
1856 में।

प्रश्न 2.
किस आधार पर अवध का विलय अंग्रेजी साम्राज्य में किया गया?
उत्तर:
गवर्नर जनरल डलहौजी ने कहा कि नवाब ने यहाँ कुशासन फैला रखा है तथा समुचित प्रशासन के लिए यहाँ ब्रिटिश शासन का होना जरूरी है।

प्रश्न 3.
सिपाही समुद्र पार जाने से क्यों कतराते थे?
उत्तर:
क्योंकि उन दिनों लोगों का ऐसा मानना था कि यदि वे समुद्र पार जाएँगे तो उनका धर्म तथा जाति भ्रष्ट हो जायेगी।

प्रश्न 4.
यह नया कानून कब बनाया गया कि आवश्यकता पड़ने पर सिपाहियों को समुद्र पार भी जाना पड़ सकता है?
उत्तर:
सन् 1856 में।

प्रश्न 5.
ब्रिटिश भू-नीति का सिपाहियों पर क्या प्रभाव पड़ा?
उत्तर:
सिपाही नाराज थे क्योंकि उनमें से अधिकतर किसान थे तथा गाँवों में उनका परिवार था।

प्रश्न 6.
सिपाही विद्रोह कब शुरू हुआ?
उत्तर:

मई, 1857 में।

प्रश्न 7.
सिपाही विद्रोह की शुरुआत कहाँ से हुई?
उत्तर:
मेरठ से।

प्रश्न 8.
नाना साहेब कौन था?
उत्तर:
नाना साहेब स्वर्गीय पेशवा बाजीराव का दत्तक पुत्र था।

प्रश्न 9.
नाना साहेब का सेनापति कौन था?
उत्तर:
नाना साहेब का सेनापति तात्या टोपे था।

प्रश्न 10.
1857 के विद्रोह के चार प्रमुख केन्द्रों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- मेरठ,
- दिल्ली,
- लखनऊ,
- कानपुर।

प्रश्न 11.
1857 के विद्रोह के चार प्रमुख नेताओं के नाम लिखिए।
उत्तर:

- बहादुरशाह जफर,
- नाना साहेब,
- तांत्या टोपे,
- कुँवरसिंह।

प्रश्न 12.
फैजाबाद के मौलवी अहमदुल्ला शाह ने क्या भविष्यवाणी की?
उत्तर:
उसने भविष्यवाणी की कि अंग्रेजों का शासन जल्दी ही खत्म हो जायेगा।

प्रश्न 13.
राज-शक्ति कम्पनी के हाथ से ब्रिटिश ताज को कब स्थानान्तरित की गई?
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

सन् 1858 में।

प्रश्न 14.
1858 से गवर्नर जनरल को क्या कहा जाने लगा?
उत्तर:
वायसराय।

प्रश्न 15.
1857 के विद्रोह के बाद भारतीय प्रशासन में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन क्या था?
उत्तर:
1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार ने भारत पर शासन की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी ले ली थी।

प्रश्न 16.
1857 के बाद से अंग्रेजों द्वारा मुसलमानों के साथ शत्रुतापूर्ण व्यवहार क्यों किया जाने लगा?
उत्तर:
क्योंकि अंग्रेज मानने लगे थे कि मुस्लिम लोग ही विद्रोह के लिए उत्तरदायी थे।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपने हितों की रक्षा हेतु कम्पनी से क्या बातचीत की?
उत्तर:
झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपने हितों की रक्षा हेतु कम्पनी से मांग की कि कम्पनी उनके पति की मृत्यु के बाद उनके गोद लिए हुए बेटे को राजा मान ले। कम्पनी ने उनकी माँग ठुकरा दी।

प्रश्न 2.
नाना साहेब की किस माँग को अंग्रेजों ने ठुकरा दिया था?
उत्तर:
नाना साहेब ने कम्पनी से आग्रह किया था कि उनके पिता को जो पेंशन मिलती थी वह उनकी मृत्यु के बाद उन्हें मिलने लगे। लेकिन अंग्रेजों ने उनकी इस मांग को ठुकरा दिया था।

प्रश्न 3.
देश में मुगल सत्ता को पूरी तरह खत्म करने के लिए अंग्रेजों ने क्या योजना बनाई?
उत्तर:

- 1849 में गवर्नर लार्ड डलहौजी ने घोषणा की कि बहादुरशाह जफर की मौत के बाद बादशाह के परिवार को लाल किले से निकालकर उसे दिल्ली में कहीं और बसाया जाएगा।
- 1856 में लार्ड कैनिंग ने यह फैसला लिया कि बहादुरशाह जफर अन्तिम मुगल सम्राट होगा। उसकी मृत्यु के पश्चात् उसके किसी भी वंशज को सम्राट् स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्हें केवल राजकुमारों के रूप में मान्यता दी जायेगी।

प्रश्न 4.
कम्पनी की सेना में काम कर रहे सिपाहियों के असन्तोष के कारण बताइये।
उत्तर:

- अधिकतर सिपाही किसान परिवार से आते थे। अत्यधिक लगान तथा कर-वसुली के सख्त तरीकों के कारण क्रिमानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा था।
- वे अपने पद, वेतन-भत्तों तथा सेवा-शों से भी नाखुश थे।
- अंग्रेजों द्वारा बनाए कुछ नए नियमों के कारण भी उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचती थी।

प्रश्न 5.
निम्नलिखित ने 1857 के विद्रोह के दौरान क्या प्रतिक्रिया दिखलाई-नाना साहेब,
बेगम हजरत महल।
उत्तर:

- नाना साहेब-उन्होंने अपनी हथियारबंद सेना जुटाई तथा अंग्रेजों को कानपुर से निकाल बाहर किया। उन्होंने स्वयं को पेशवा घोषित कर दिया। उन्होंने घोषणा की कि वे मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर के एक गवर्नर हैं।
- बेगम हजरत महल-बेगम हजरत महल लखनऊ के पदच्युत नवाब वाजिद अली शाह की विधवा थी। उन्होंने लखनऊ में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध विद्रोह को संगठित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रश्न 6.
मंगल पाण्डे कौन था? वह क्यों प्रसिद्ध है?
उत्तर:

- मंगल पाण्डे बैरकपुर में कम्पनी की सेना में सिपाही था।
- उसने 29 मार्च, 1857 को बैरकपुर में अपने अफसरों पर हमला किया था जिसके लिए उसे फाँसी पर लटका दिया गया था।

प्रश्न 7.
1857 की क्रान्ति के प्रमुख नायकों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- मंगल पाण्डे,
- बहादुरशाह जफर,
- नाना साहेब,
- तात्या टोपे,
- रानी लक्ष्मीबाई,
- बेगम हजरत महल,
- मौलवी अहमदुल्ला शाह,
- बख्त खान,
- कुँवरसिंह,
- बिरजिस कद्र,

https://www.evidyarthi.in/

- रानी अवन्तिबाई लोधी आदि।

प्रश्न 8.
1857 का सैनिक विद्रोह जन विद्रोह बन गया। समझाइए।
उत्तर:
भारत में सन् 1857 में एक सैनिक विद्रोह हुआ जिसने शीघ्र ही जन विद्रोह का रूप धारण कर लिया। समाज के विभिन्न तबकों को अंग्रेजी शासन से परेशानियाँ थीं तथा वे सब मानते थे कि उनका शत्रु एक ही है। मई, 1857 में शुरू हुए इस विद्रोह ने भारत में कम्पनी का अस्तित्व ही खतरे में डाल दिया था। मेरठ से शुरू होकर शीघ्र ही यह उत्तर भारत के विभिन्न भागों में फैल गया। समाज के विभिन्न तबकों के असंख्य लोग इस विद्रोह से जुड़ गये और इसने एक जन-विद्रोह का रूप धारण कर लिया।

प्रश्न 9.
सन् 1857 के विद्रोह के मुख्य केन्द्रों के नाम लिखिए।
उत्तर:
सन् 1857 के विद्रोह के मुख्य केन्द्र थे-

- मेरठ,
- दिल्ली,
- लखनऊ,
- कानपुर,
- फैजाबाद,
- बरेली,
- झाँसी।

प्रश्न 10.
ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत के शासन की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी लेने के तहत क्या कार्य किये गये?
उत्तर:

- ब्रिटिश संसद ने 1858 में एक नया कानून पारित किया जिसके द्वारा ईस्ट इण्डिया के सभी अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य के पास आ गये।
- ब्रिटिश मन्त्रिमण्डल के एक सदस्य को भारत मन्त्री के रूप में भारत के शासन से सम्बन्धित मामलों को संभालने का जिम्मा दिया गया।
- उसे सलाह देने हेतु इण्डिया काउन्सिल नामक परिषद् का गठन किया।
- भारत के गवर्नर जनरल को वायसराय का ओहदा देकर उसे इंग्लैण्ड के राजा/रानी का निजी प्रतिनिधि घोषित कर दिया गया।

प्रश्न 11.
माना कि आप विद्रोह के दौरान अवध में तैनात ब्रिटिश अधिकारी हैं। विद्रोहियों से लड़ाई की अपनी योजनाओं को गुप्त रखने के लिए आप क्या करेंगे? अपनी योजनाओं को गुप्त रखने के लिये हम-
उत्तर:

- योजनाओं को केवल विश्वस्त यूरोपीय अधिकारियों से ही साझा करेंगे।
- हम कुछ गुप्तचर भी रखेंगे जो हमें हमारी सेना में फैले विरोधियों के बारे में हमें सूचना देंगे।

- भारतीय सिपाहियों को योजना की जानकारी नहीं होने देंगे।
- विद्रोही नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजेंगे।
- योजना की कार्यान्विति पर नजर रखेंगे।

https://www.evidyarthi.in/